## आंगनबाड़ी भवन के बाद अब धावासी में अनुपयोगी चेक डैम से उजागर हुआ भ्रष्टाचार का नया मामला

# आल्मोद पंचायत में निर्माण कार्यों के नाम पर खुली लूट!

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया (बाबा ठाकुर)

जुन्नारदेव जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में इन दिनों भ्रष्टाचार के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला ग्राम पंचायत आल्मोद से जुड़ा है, जहां पहले आंगनवाड़ी भवन निर्माण में अनियमितताएं उजागर हुई थीं और अब धावासी गांव में बनाए गए एक अनुपयोगी चेक डैम ने पूरे तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सांगा खेड़ा सेक्टर बना भ्रष्टाचार का अड्डा?

सांगा खेड़ा सेक्टर के अंतर्गत आने वाली कई ग्राम पंचायतों में सरपंच, सचिव, उपयंत्री और सहायक यंत्री की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। आरोप है कि मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण योजना कार्यों का प्रभार भी नियमों के विपरीत सर्व शिक्षा अभियान के उपयंत्री को सौंप दिया गया है, जिससे निगरानी और पारदर्शिता दोनों पर सवाल उठ रहे हैं।



### पहले भी सामने आ चुके हैं कई मामले

यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई पंचायतों में भ्रष्टाचार की खबरें सुर्खियों में रही हैं

**पाला चौरई पंचायत:** यहां लगभग हर निर्माण कार्य में अनियमितताओं की शिकायतें हैं, जिनकी जांच अब तक लंबित है।

**नजरपुर पंचायत:** लगातार भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण चर्चा में बनी हुई है।

**विशाला ग्राम पंचायत:** नियमों को दरकिनार कर मंगल भवन को मंदिर में बदलने का मामला सामने आ चुका है।इन पंचायतों की खास बात यह है कि ये जनपद मुख्यालय से महज कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब नजदीकी क्षेत्रों में ही इतनी अनियमितताएं हैं, तो दूरस्थ ग्रामीण इलाकों की स्थिति क्या होगी?

### कौआ झिरी में तालाब पहली बारिश में बहा

ग्राम पंचायत कौआ झिरी में मनरेगा के तहत बनाया गया तालाब पहली ही बारिश में बह गया था। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री तक की, जिसके बाद जांच के आदेश भी दिए गए। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से आज तक जांच ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है।

### आल्मोद पंचायत: भ्रष्टाचार का नया उदाहरण

सांगा खेड़ा सेक्टर की अति पिछड़ी ग्राम पंचायत आल्मोद अब भ्रष्टाचार का नया केंद्र बनती जा रही है। हाल ही में यहां के छातेआम गांव में आंगनवाड़ी भवन अधूरा छोड़कर पूरी राशि निकाल लेने का मामला सामने आया था।अब इसी पंचायत के धावासी गांव में चेक डैम निर्माण के नाम पर एक और बड़ा घोटाला उजागर हुआ है।

### अनुपयोगी स्थान पर बना दिया चेक डैम

धावासी गांव में वन विभाग के नाके के सामने जिस स्थान पर चेक डैम बनाया गया है, वह तकनीकी रूप से पूरी तरह अनुपयुक्त बताया जा रहा है।चेक डैम का मुख्य उद्देश्य होता है—
मिट्टी का क्षरण रोकनाजल संचयन करना
पशु-पक्षियों के लिए जल उपलब्ध कराना
लेकिन जिस स्थान पर यह निर्माण किया गया है, वहां न तो सक्रिय जलधारा (नाला) है और न ही मिट्टी क्षरण की कोई संभावना। आसपास का क्षेत्र पथरीला है, जिससे यह साफ संकेत मिलता है कि यह निर्माण पूरी तरह उद्देश्यहीन है।

### निर्माण में तकनीकी खामियां और फर्जीवाड़े के आरोप

ग्रामीणों के अनुसार, इस चेक डैम के निर्माण में गंभीर तकनीकी अनियमितताएं की गई हैं—कंक्रीट स्ट्रक्चर के अंदर बौल्डर भरकर ऊपर से कंक्रीट किया गयादोनों ओर आवश्यक ढलान (स्लोप) देने के बजाय फ्लोरिंग जैसा निर्माण किया गयानिर्माण गुणवत्ता बेहद खराब बताई जा रही है मजदूरों का दावा है कि यदि जांच के दौरान कंक्रीट को थोड़ा भी तोड़ा जाए, तो अंदर की सच्चाई सामने आ जाएगी।

### 6 लाख खर्च का दावा, हकीकत कुछ और?

पंचायत सचिव के अनुसार, इस चेक डैम पर पांचवें राज्य वित्त आयोग की राशि से लगभग 6 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि वास्तविक निर्माण लागत 2 लाख रुपये से अधिक नहीं है। यदि किसी स्वतंत्र तकनीकी टीम द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाए, तो इस अंतर का खुलासा हो सकता है।

### जांच की मांग, लेकिन कार्रवाई पर सवाल

ग्रामीणों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि केवल इस चेक डैम ही नहीं, बल्कि पंचायत के अन्य निर्माण कार्यों की भी जांच की जाए, तो बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार सामने आ सकता है।

### प्रशासन की चुप्पी से बढ़ती नाराजगी

लगातार सामने आ रहे मामलों के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह भ्रष्टाचार और भी बढ़ेगा और विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन की लूट जारी रहेगी।

## भाजपा जिला छिंदवाड़ा के नवीन कार्यालय का भूमि पूजन 6 अप्रैल को



**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी जिला छिंदवाड़ा के नवीन जिला कार्यालय के निर्माण हेतु भूमि पूजन का भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम दिनांक 6 अप्रैल 2026, प्रातः 11:00 बजे बी.टी.आई. ग्राउंड, बादल भोई म्यूजियम के सामने, वीआईपी रोड, छिंदवाड़ा में आयोजित किया जा रहा है।यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है, जो कार्यकर्ताओं के लिए विशेष उत्साह एवं गौरव का विषय है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी, प्रदेश अध्यक्ष माननीय हेमंत खंडेलवाल जी एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री माननीय अजय जामवाल जी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री माननीय राकेश सिंह जी, प्रदेश कोषाध्यक्ष माननीय अखिलेश जैन जी, सांसद माननीय बंटी विवेक साहू जी, जिलाध्यक्ष माननीय शेषराव यादव जी, जिला संगठन प्रभारी माननीय आदित्य बबला शुक्ला जी, विधायक माननीय कमलेश शाह जी एवं महापौर माननीय विक्रम अहाके जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम के प्रभारी विजय पांडे, सह प्रभारी भारत घई, श्रीमती आरती खण्डेलवालने समस्त पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### आर्थिक तंगी शिक्षा में बाधा नहीं बनेगी : आमिर

**जुन्नारदेव** : टैलेंट सर्च परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए एसोसिएशन मुस्लिम प्रोफेशनल मुंबई के अध्यक्ष आमिर इदरीसी ने कहा कि विद्यार्थियों की आर्थिक तंगी उच्च शिक्षा में बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने घोषित रिजल्ट के बाद कहा कि इस परीक्षा में सफल 1000एक हजार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी मर्जी के अनुसार कोर्स करने की निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को 15 अप्रैल से 15 में तक इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाएगा। टैलेंट सर्च परीक्षा रिजल्ट घोषणा के समय मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष अतीक साहब ने कहा कि इस परीक्षा में कामयाब छात्र-छात्राओं को फ्री पढ़ने का अवसर मिलेगा आगे उन्होंने कहा कि नीट जी यूपीएससी ला सहित अन्य प्रतियोगिता परीक्षा के लिए एनटीएस परीक्षा देश के विद्यार्थियों के लिए एक वरदान है। यह परीक्षा विगत 6 वर्षों से हर वर्ष दिसंबर में आयोजित होती है। जिसमें लाखों विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है। इस वर्ष 2026 में टैलेंट सर्च परीक्षा के पंजीयन सितंबर महीने से शुरू हो जाएंगे। ज्ञात रहे की वर्ष 2025 में पूरे भारत देश में 1लाख 6000 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिनके लिए पूरे देश में 1240 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। यह परीक्षा देश के 427 जिलों में आयोजित की गई थी। जिसका एक परीक्षा केंद्र मदरसा मोहम्मदिया जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश में भी बनाया गया था। जिसमें 60 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें से कई विद्यार्थीयों का चयन हुआ है। उपरोक्त जानकारी परीक्षा केंद्र प्रभारी मोहम्मद ताहिर ने दिया और बताया कि परीक्षा में जुन्नारदेव क्षेत्र के 4 स्कूलों के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिनके परीक्षा परिणाम आज सोमवार के दिन ऑनलाइन प्रदर्शित किए जाएंगे।

### सामाजिक एकता और कुरीतियों के उन्मूलन पर हुआ मंथन

**छिंदवाड़ा।** नगर स्थित सतपुड़ा विधि महाविद्यालय, मोहन नगर में आज एक महत्वपूर्ण सद्भाव बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न जाति-बिरादरी के प्रमुख जनों एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने सक्रिय सहभागिता की।बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के साथ एक सशक्त, संगठित एवं समरस समाज का निर्माण करना रहा। विशेष रूप से एक आदर्श हिंदू परिवार की अवधारणा पर विस्तृत चर्चा की गई।इस अवसर पर वक्ताओं ने समाज एवं देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर गंभीर विचार-विमर्श करते हुए उनके समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि सभी जाति एवं समुदाय आपसी समन्वय, सहयोग और सद्भाव की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेंगे।

### छिंदवाड़ा में 21 मदिरा दुकानों की नीलामी आज

**छिन्दवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले में नीलामी से बची हुई 21 मदिरा दुकानों, उनसे निर्मित 10 समूहों तथा सौंसर की 1 दुकान की नीलामी के लिए 6 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छिंदवाड़ा जिले की 21 मदिरा दुकानों का कुल आरक्षित मूल्य 2,01,04,79,821 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि सौंसर की दुकान का आरक्षित मूल्य 16,05,91,769 रुपये तय किया गया है। शासन के निर्देशानुसार निर्धारित आरक्षित मूल्य से 30 प्रतिशत तक कम या अधिक दर पर टेंडर प्रस्तुत किए जा सकते हैं। दुकानों के स्वीकृति संबंधी अंतिम निर्णय विभाग द्वारा लिया जाएगा। टेंडर जमा करने की समयावधि 5 अप्रैल 2026 को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर 6 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्तियों एवं टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने वाले लाइसेंसी को इसकी जानकारी दे दी गई है।

## एमएलबी में पुस्तक एवं गणवेश मेले के दूसरे दिन उमड़ी भीड़

### 6 लाख रूपये से अधिक का हुआ विक्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिला प्रशासन छिंदवाड़ा एवं शिक्षा विभाग द्वारा संचालित पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन 05 अप्रैल 2026 को कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में पीएमश्री महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा में किया जा रहा है। मेले के आज द्वितीय दिवस पर जिले भर से बड़ी संख्या में छात्र एवं पालक उपस्थित हुए और एक ही परिसर में पुस्तक, कॉपी एवं गणवेश की खरीदी की।



रविवार अवकाश होने के बावजूद मेले में उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। उचित मूल्य पर छूट के साथ खरीदारी की सुविधा मिलने से लगभग 6 हजार से अधिक छात्र एवं पालकों ने लाभ उठाया। मेले में दुकानदारों द्वारा करीब 6 लाख 20 हजार रुपये का विक्रय किया गया। इस दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। साथ ही बुक बैंक में पुरानी पुस्तकों को जमा कर जरूरतमंद छात्रों को वितरित करने की व्यवस्था भी की गई। मेले का तीसरा एवं अंतिम दिन 6 अप्रैल 2026 को रहेगा। जिला प्रशासन ने पालकों एवं छात्रों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस मेले का लाभ उठाएं। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल, जिला परियोजना समन्वयक, सहायक संचालक श्री पी.एल. मेश्राम एवं श्री पी.एन. डेहरिया के मार्गदर्शन में मेले का द्वितीय दिवस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मेले में किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं रही। साथ ही अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे अधिक से अधिक छात्रों को मेले का लाभ लेने के लिये प्रेरित करें तथा बुक बैंक में पिछले सत्र की पुस्तकों को जमा कराने के लिए भी प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर बीईओ, बीआरसी, प्राचार्य एवं जन शिक्षक भी उपस्थित थे।

### यमन पहुंचे जिला अस्पताल और घायल मरीज़ों का जाना हाल-चल

**छिंदवाड़ा।** भाजपा युवा नेता यमन साहू ने जिला अस्पताल पहुंचकर के कुछ समय पूर्व हुए सिमरिया मंदिर सड़क दुर्घटना के घायल मरिजों को हॉस्पिटल पहुंचकर उनका हाल-चाल पूछ गया साथ ही साथ फल की टोकनी वितरण की गई और अन्य मरिजों का हाल-चल पूछ गया उन्हें भी फल वितरण किया गया साथ में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### किरण को प्रदेश महिला कांग्रेस में सौंपी अहम जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ा:** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा की स्वीकृति उपरांत प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रीना बोरासी के द्वारा छिन्दवाड़ा जिला महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष को प्रदेश महिला कांग्रेस में अहम जिम्मेदारी सौंपी है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार जिला महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी को प्रदेश महिला कांग्रेस में महासचिव मनोनीत किया गया है।

## रामनारायण की 'विश्व शांति यात्रा' समाज में जगा रही है मानवता की अलख

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जब इरादे नेक हों और आदर्श ऊंचे हों, तो व्यक्ति समाज के लिए चलता-फिरता प्रेरणा पुंज बन जाता है। छिंदवाड़ा के 62 वर्षीय श्री रामनारायण सराठे (सेन) ने कुछ ऐसा ही उदाहरण पेश किया है, जो आज के समय में समाजसेवा और त्याग की पराकाष्ठा है।

आदर्शों पर चलते हुए किया देहदानजननायक स्व. कर्पूरी ठाकुर जी को अपना आदर्श मानने वाले रामनारायण जी ने बीते वर्ष एक अत्यंत साहसी और मानवीय निर्णय लिया। उन्होंने मृत्यु उपरांत अपनी देह दान करने का संकल्प लिया है। उनका मानना है कि जिस प्रकार कर्पूरी ठाकुर जी ने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान में लगा दिया, उसी तरह मृत्यु के बाद भी उनका शरीर



चिकित्सा अनुसंधान या किसी जरूरतमंद के काम आ सके, यही सच्ची सेवा है। विश्व शांति और सामाजिक सुधार का संकल्प रामनारायण जी केवल व्यक्तिगत त्याग तक सीमित नहीं रहे। 06 अप्रैल 2026, सोमवार को दोपहर 2 बजे से वे छिंदवाड़ा से बागेश्वर धाम तक की 'विश्व शांति यात्रा' का शुभारंभ करने जा रहे हैं। यह यात्रा केवल एक धार्मिक प्रवास नहीं, बल्कि सामाजिक जागृति का एक बड़ा अभियान है।

**इस यात्रा के मुख्य संकल्प:** विश्व शांति एवं सनातन एकता: वैश्विक स्तर पर सद्भावना और एकता का संदेश देना। गौ-रक्षा एवं नशा मुक्ति: समाज को नशे की कुरीतियों से बचाना और गौ-सेवा के प्रति जागरूक करना।

**राष्ट्र रक्षकों का सम्मान:** सेना, पुलिस और पत्रकारों के प्रति सम्मान भाव जागृत करना, जो समाज के स्तंभ हैं।समाज के लिए एक संदेश 62 वर्ष की आयु में भी रामनारायण जी का यह जज्बा युवाओं के लिए एक सीख है। देहदान जैसा महान निर्णय लेकर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि इंसान अपने विचारों और कार्यों से अमर होता है। उनकी यह यात्रा समाज में न केवल शांति का संदेश फैलाएगी, बल्कि अंगदान और देहदान जैसे पुण्य कार्यों के प्रति लोगों को जागरूक भी करेगी।

## छिंदवाड़ा में संगठन सशक्तिकरण की नई पहल

### छिंदवाड़ा विधानसभा के तीन मंडलों का प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत रविवार को छिंदवाड़ा विधानसभा के पातालेश्वर, राममंदिर एवं सारना मंडल के प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए।

जिला संयोजक कमलेश उईके ने जानकारी देते हुए बताया कि इन प्रशिक्षण वर्गों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला संगठन प्रभारी आदित्य बबला शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन के मूल सिद्धांतों, कार्यपद्धति एवं जनसेवा के लक्ष्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास



की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

प्रशिक्षण वर्ग की अध्यक्षता जिला महामंत्री विजय पांडे ने की। प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में सिवनी के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुजीत जैन एवं कार्यालय मंत्री भारत घई, प्रशिक्षण वर्ग के सह संयोजक प्रियवर सिंह ठाकुर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी, पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश बैस, सोशल मीडिया के जबलपुर संभाग प्रभारी अर्पण मैद ने विभिन्न विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। मंच संचालन सह संयोजक राजेश श्रीवास्तव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कार्यक्रम की सहसंयोजिका श्रीमती भारती साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, संगठनात्मक एकता एवं सेवा भाव के साथ कार्य करने का संदेश दिया गया।

## वेदी प्रतिष्ठा में निकला जिनवाणी चल समारोह

### सौभाग्यशाली परिवारों ने किया कलशारोहण, आज होगा वेदी सूतन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

धर्म नगरी उभेगांव में चल रहे वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के द्वितीय दिवस सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज के साथ सवाई सेठ परिवार ने कलशारोहण महोत्सव मनाया। जिनशासन सेवक ने बताया कि मंगल महोत्सव पर पुष्पवती नगरी मुख्य पंडाल समवशरण मंडप में बड़ी मंदिर कर धर्म ध्वज सहित स्वर्ण कलशों की दान प्रभावना की गई।जिसमें शिखर का स्वर्ण कलश जिनशासन सेवक कैलाश कुमार जैन धर्मप्रेमी चौधरी परिवार अमरवाड़ा ने प्राप्त किया एवं स्वर्ण ध्वजा लेने का सौभाग्य मेला नायक चैनसुख, मिलिंद कुमार, मुकुल जैन वीतराग परिवार को प्राप्त हुआ, जिनके साथ अन्य सौभाग्यशाली परिवारों ने भी स्वर्ण कलश चढ़ाए।दान प्रभावना के बाद हजारों की संख्या ने जैन बंधुओं ने जिनवाणी पालकी यात्रा, स्वर्ण कलश एवं धर्मध्वज शोभायात्रा निकाली जिसमें बाल ब्रह्मचारी बसंत जी महाराज सहित बड़ी संख्या में त्यागीव्रती साधकों, श्रेष्ठीजनों, श्रावकगणों ने नगर भ्रमण कर जिनशासन की मंगल प्रभावना की।नगर भ्रमण कर चल समारोह तारण तरण चैत्यालयजी पहुंचा जहां विधि विधान पूर्वक सौभाग्य शाली परिवार द्वारा मनोहारी वेदी पर स्वर्ण कलश एवं शिखर पर स्वर्ण कलश के साथ धर्म ध्वजा चढ़ाई गई।रात्रि के समय उस्मानपुर दिल्ली से पधारे अंतरराष्ट्रीय भजन गायक संजीव जैन की भजन संध्या में पूरे जिले सहित देश से पधारे हजारी गुरुभक्तों ने जिनशासन के मंगलगानों का रसपान कर आध्यात्म की गंगा में स्नान किया।

### रसोई गैस संकट ने लिया विकराल रूप, निर्बाध आपूर्ति के दावों की खुली पोल

## एल.पी.जी. संकट, कागजों में 'पर्याप्त आपूर्ति', जमीन पर हाहाकार, उपभोक्ता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

शहर में रसोई गैस की किल्लत ने अब विकेराल रूप ले लिया है। एक तरफ आपूर्ति विभाग शहर में गैस की 'निर्बाध आपूर्ति' के दावे कर रहा है वहीं दूसरी ओर गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की उमडी हुई भीड इन दावों की पोल खोल रही हैं। स्थिति यह है कि बुकिंग के 12 से 15 दिन बीत जाने के बाद भी उपभोक्ताओं को सिलेंडर नसीब नहीं हो पा रहा है।

### एजेंसियों पर सुबह से 'संग्राम', उपभोक्ता परेशान

शहर की गैस एजेंसियों का नजारा किसी मेले की तैयारी जैसा दिखने



लगा है। उपभोक्ता एजेंसी के शटर खुलने के पहले ही कतारों में लग रहे हैं, ऐसे नजारे शाम तक देखने को मिल रहे है। संतोषीमाता वार्ड निवासी अशोक गजभिए ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि उन्होंने 23 फरवरी को सिलेंडर बुक किया था, लेकिन हफ्तों चक्कर काटने के बाद भी आज तक उन्हें रसोई गैस नहीं मिली है। यह केवल एक गजभिए की कहानी नहीं है, बल्कि शहर के हजारों मध्यमवर्गीय परिवारों का यही हाल है।

### होटलों से गायब हुए पकवान, धुएं में घुट रहा शहर

गैस का यह संकट केवल घरों तक सीमित नहीं है। व्यावसायिक (ब्वउउमतबपंस) सिलेंडरों की आपूर्ति ठप होने से शहर का खान-पान उद्योग पटरी से उतर गया है। शहर के अधिकांश होटलों, चाय की टपरियों और नाश्ते की दुकानों में अब फिर से लकड़ी और कोयले के चूल्हे जलने लगे है। इन दुकानदारों ने कहा कि जल्द ही रसोई गैस मिलना आसान नहीं हुआ तो हमें डीजल की भट्टियों का प्रबंध करना होगा।

### सीमित हुआ मिठाईयों का मेन्यू

रसोई गैस की कमी और बढ़ती लागत के कारण कई होटल संचालकों ने अपने मेन्यू से कई खाद्य सामग्रियां हटा दी हैं। अब केवल वही चीजें बनाई जा रही हैं जिनमें कम ईंधन की खपत हो। इसी प्रकार शहर के जाने माने स्वीट मार्ट वालों ने भी मिठाईयों के मेन्यू में कटौती कर दी है। स्वीट मार्ट वालों का कहना है कि चूल्हें और भट्टियों पर जादा तादाद में मिठाईयां बनाने में काफि दिक्कतों का सामना करना पड रहा है।

### प्रशासन की 'सुस्ती' बढ़ा रही है मुसीबत

हैरानी की बात यह है कि प्रशासन इस पूरी किल्लत को एक अस्थायी समस्या मानकर बेहद हल्के में ले रहा है। जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते वितरण प्रणाली की निगरानी और ब्लैक मार्केटिंग पर लगाम नहीं कसी गई, तो आने वाले दिनों में स्थिति बेकाबू हो सकती है।

## नगर पालिका के दावों की खुली पोल, सफाई व्यवस्था पूरी तरह फेल

# गंदगी और बदबू के साए में जीने को मजबूर वार्ड 11 के रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सौसर नगर में एक ओर जहाँ नगर पालिका परिषद स्वच्छता अभियान को लेकर बड़े-बड़े दावे करती नजर आती है, वहीं दूसरी ओर वार्ड क्रमांक 11 की जमीनी सच्चाई इन दावों की पूरी तरह पोल खोल रही है। यहां के रहवासी बदबू, गंदगी और लापरवाही के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं। हालात इतने खराब हैं कि लोगों का अपने ही घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।



### चोक नालियां बनी मुसीबत की जड़

वार्ड क्रमांक 11 में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण वे पूरी तरह से चोक हो चुकी हैं। महीनों से नालियों की गाद (कचरा) नहीं निकाली गई है, जिसके चलते गंदा पानी सड़कों और घरों के सामने बह रहा है। यह पानी न केवल बदबू फैला रहा है बल्कि पूरे इलाके को अस्वच्छ बना चुका है।रहवासियों का कहना है कि स्थिति दिन-ब-दिन और बदतर होती जा रही है। नालियों का ओवरफ्लो पानी रास्तों पर जमा हो जाता है, जिससे लोगों को उसी गंदगी के बीच से गुजरना पड़ता है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक बन चुकी है।

### बीमारियों का बढ़ता खतरा

गंदगी और ठहरे हुए पानी के कारण वार्ड में मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है। बदबूदार वातावरण में सांस लेना भी मुश्किल हो गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो यह समस्या एक गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है।

### स्वच्छता अभियान पर उठते सवाल

नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की वास्तविकता वार्ड क्रमांक 11 में साफ दिखाई देती है। जहां एक ओर कागजों में सफाई के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर हालात बेहद खराब हैं।यह स्थिति प्रशासन की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करती है। अगर समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है।

### समाधान की जरूरत, सिर्फ आश्वासन नहीं

वार्डवासियों की मांग है कि नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए और पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने।लोगों का कहना है कि अब उन्हें सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई चाहिए।

### बार-बार शिकायत, लेकिन कोई सुनवाई नहीं

वार्डवासियों ने नगर पालिका प्रशासन और सफाई विभाग को कई बार इस समस्या से अवगत कराया है। लिखित शिकायतों से लेकर मौखिक निवेदन तक किए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।रहवासियों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी मौके पर नहीं आते और न ही किसी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। यह लापरवाही प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

### प्रशासन की उदासीनता से बढ़ता आक्रोश

नगर पालिका की इस उदासीनता के कारण वार्ड के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन उनकी समस्याओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर रहा है।यह स्थिति केवल असुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे-सीधे लोगों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर को प्रभावित कर रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कदम उठाने के लिए तैयार नहीं हैं।

### स्थानीय नेताओं के खिलाफ नाराजगी

वार्ड के रहवासियों में स्थानीय नेताओं के प्रति भी गहरा रोष है। उनका कहना है कि चुनाव के समय जो नेता वोट मांगने के लिए घर-घर आते थे, वे अब पूरी तरह गायब हैं।लोगों का आरोप है कि चुनाव जीतने के बाद नेताओं ने वार्ड की समस्याओं की ओर ध्यान देना बंद कर दिया है। जनता को अब अपनी समस्याओं के समाधान के लिए खुद ही संघर्ष करना पड़ रहा है।

### मच्छरों का आतंक और असहनीय बदबू

ठहरे हुए गंदे पानी के कारण पूरे वार्ड में मच्छरों का आतंक फैल गया है। शाम होते ही स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब मच्छरों के झुंड लोगों को परेशान करने लगते हैं।इसके साथ ही नालियों से उठने वाली बदबू ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। घरों के बाहर बैठना तो दूर, खिड़कियां खोलना भी मुश्किल हो गया है।

### जनता की चेतावनी

अब नहीं तो कभी नहींवार्डवासियों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नालियों की सफाई नहीं कराई गई, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।लोगों का कहना है कि अब वे और ज्यादा समय तक इस समस्या को सहन नहीं कर सकते। यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# धर्म और शुद्धता से खिलवाड़, हाईवे पर होटल की वेज थाली में निकला नॉनवेज

## यात्रियों का भारी हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नागपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक होटल में उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब 'शुद्ध शाकाहारी' भोजन की थाली में मांस का टुकडा निकला। शनिवार रात को भोजन के दौरान सब्जी में मांसाहार का टुकड़ा मिलने से उपभोक्ताओं ने हंगाम खडा कर दिया और पुलिस में शिकायत तक कर दी।

### क्या है पूरा मामला ?

मिली जानकारी के अनुसार, नागपुर से भोपाल की ओर जा रहे ती यात्रियों चंद्रप्रकाश शर्मा, संदीप सेन और विजेंद्र सिंह ने ग्राम मोरडोंगरी के पास स्थित हाईवे के होटल पर रुककर शाकाहारी भोजन का ऑर्डर दिया था। भोजन शुरू ही किया था कि अचानक सब्जी के बीच मांसाहार (नॉनवेज) का टुकड़ा नजर आया।

### भड़के यात्री, होटल प्रबंधन को लगाई फटकार

सब्जी में मांस का टुकड़ा देखते ही यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने इसे न केवल लापरवाही, बल्कि अपनी धार्मिक आस्था और शुद्धता के साथ जानबूझकर किया गया खिलवाड़ बताया। यात्रियों ने मौके पर ही होटल संचालक को कड़ी फटकार लगाई और जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

### पुलिस और खाद्य विभाग की कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़तिों ने तुरंत पांढुर्णा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी अमित दानी ने बताया कि यह मामला सीधे तौर पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम से जुड़ा है। चूंकि यह खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए विभाग को उचित कार्रवाई और सैम्पलिंग के लिए पत्र भेज दिया गया है।

# धूमधाम से मनाया जाएगा भाजपा का 47वां स्थापना दिवस



**जुन्नारदेव।** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस 6 अप्रैल 2026, सोमवार को भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव द्वारा बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जाएगा।मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र एवं राज्य नेतृत्व के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पार्टी के पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण भी किया जाएगा।मुख्य कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में शाम 6:00 बजे आयोजित होगा, जिसमें मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके साथ ही नगर मंडल के सभी बूथों पर भी स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जहां कार्यक्रम प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, सक्रिय सदस्य एवं बूथ समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।सांयकालीन कार्यक्रम के तहत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर शाम 7:00 बजे आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण किया जाएगा।उक्त अवसर पर मंडल के समस्त पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, बीएलए-2, विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति, युवा साथी एवं आमजन से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

# संवेदनशीलता की मिसाल:भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ ने नहीं मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



राजनीति में मानवीय मूल्यों और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने एक प्रेरक निर्णय लिया है। सौसर विधानसभा क्षेत्र के सिमरिया में हाल ही में हुई हृदय विदारक सड़क दुर्घटना के मद्देनजर, श्री मोहोड ने अपना जन्मदिवस उत्सव पूर्णतः त्यागने का फैसला किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज के दुख और शोक की घड़ी में उत्सव मनाना उचित नहीं है।

अपने जन्मदिवस के अवसर पर रविवार को श्री मोहोड सपरिवार पुणे स्थित प्राचीन पांचालेश्वर मंदिर पहुँचे। यहाँ उन्होंने भगवान शिव और गोदावरी तट पर स्थित भगवान दत्तात्रेय (महानुभाव पंथ का पवित्र स्थान) की विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने ईश्वर से पांढुर्णा और छिंदवाड़ा जिले की जनता के सुख, शांति और समृद्धि के लिए मंगल कामना की। मंदिर में अभिषेक और पूजन के दौरान श्री मोहोड ने विशेष रूप से सौसर सड़क हादसे में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही, उन्होंने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए भगवान से अर्जी लगाई।

संदीप मोहोड ने अपने इस निर्णय से यह संदेश दिया है कि एक जनप्रतिनिधि के लिए जनता का दुख-दर्द सर्वोपरि है। उन्होंने कहा ₹जब क्षेत्र शोक संतप्त हो और परिवार पीड़ा से गुजर रहे हों, तब उत्सव का कोई स्थान नहीं होता। पीड़ितों के साथ खड़े रहना ही हमारी वास्तविक सामाजिक जिम्मेदारी है।भाजपा जिलाध्यक्ष की इस संवेनशील और प्रेरणादायक पहल की सौसर और पांढुर्णा क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। स्थानीय जनमानस इसे जनसेवा, करुणा और मानवीय मूल्यों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता का एक सशक्त उदाहरण मान रहा है।

## वीडियो वायरल होने के बावजूद नहीं कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर पकड़कर खानापूर्ति का आरोप

# रेत के खेल में 'शिकायत' बना ढाल! अवैध खनन का मास्टरमाइंड बेखौफ, खनिज विभाग कटघरे में

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सोन नदी में अवैध रेत उत्खनन का खेल अब खुलकर सामने आ रहा है, जहां 'शिकायत' के नाम पर पूरा सिस्टम ही सवालों के घेरे में आ गया है। खनिज विभाग ने भले ही कार्रवाई करते हुए पौनी गांव के सोन नदी में 1 रेत से भरे और 2 खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर लांजी थाने में खड़ा करा दिया हो, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



**'शिकायतकर्ता' ही निकला रेत खेल का खिलाड़ीः** जानकारी अनुसार जिस नंदकिशोर पांचे (संतु) ने कलेक्टर से अवैध खनन की शिकायत की, उसी पर अब सबसे बड़े रेत तस्कर होने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय ट्रैक्टर यूनियन और ग्रामीणों का दावा है कि शिकायतकर्ता खुद ट्रैक्टर को जेसीबी जैसा मॉडिफाई कर दिन-रात सोन नदी से रेत का अवैध उत्खनन करता है। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे खेल का वीडियो भी वायरल हो चुका है, जिसमें वह खुलेआम सोन नदी से रेत निकालता नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, शिकायतकर्ता केवल रात में ही नहीं, बल्कि दिन के उजाले में भी बेखौफ होकर ट्रैक्टर को जेसीबी की तरह इस्तेमाल कर नदी की छाती चीर रहा है। इससे साफ है कि उसे किसी कार्रवाई का डर नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सब लंबे समय से चल रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

**खनिज विभाग की कार्रवाई पर उठे तीखे सवालः** खनिज विभाग की हालिया कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। एक तरफ विभाग ने खाली ट्रैक्टरों तक को जब्त कर सख्ती दिखाने की कोशिश की, वहीं दूसरी ओर पुख्ता सबूत और वायरल वीडियो के बावजूद मुख्य आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। बताया जाता है कि स्थानीय मीडियाकर्मियो के द्वारा भी खनिज विभाग के अधिकारी बसंत पाटिल को नंदकिशोर पांचे द्वारा सोन नदी में कर रहे रेत के अवैध उत्खनन के संबंध में वीडियो कॉल करके जानकारी देकर शिकायत की गई थी, बावजूद खनिज विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई। इससे यह संदेह गहराता जा रहा है कि कहीं न कहीं विभाग की भूमिका भी संदिग्ध है।

इस पूरे मामले को लेकर लांजी ट्रैक्टर यूनियन में भारी आक्रोश है। आपको बता दे कि कुछ दिन पूर्व इस सोन नदी से किरनापुर के नायब तहसीलदार ने अवैध खनन करते ट्रैक्टर ट्रालियों पर कार्यवाही की गई थी वहीं खाली ट्रैक्टर ट्राली पाए जाने पर नायब तहसीलदार के द्वारा उन ट्रैक्टरों को छोड़ दिया गया था और वहीं दूसरी ओर खनिज विभाग के द्वारा नदी से बाहर खड़े खाली ट्रैक्टरों को लाकर लांजी थाने में खड़ा कर दिया गया, यह समझ से परे है। यूनियन ने कलेक्टर से मांग की है कि शिकायतकर्ता की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही खनिज विभाग की कार्यप्रणाली की भी जांच हो, ताकि यह साफ हो सके कि आखिर किन कारणों से एक तरफ कार्रवाई और दूसरी तरफ अनदेखी की जा रही है। सोन नदी में चल रहा यह अवैध खनन केवल पर्यावरण के लिए ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता के लिए भी बड़ा खतरा बनता जा रहा है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस 'रेत के खेल' पर लगाम कसते हैं या फिर यह खेल यूं ही जारी रहता है।

# कालीमाटी पहाड़ी पर भीषण टक्कर, एक युवक की मौत, दूसरा जिंदगी से जंग में



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बालाघाट के लांजी में शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। लांजी पुलिस ने रविवार को शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। घायल युवक का गोंदिया के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह घटना लांजी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कालीमाटी पहाड़ी के पास हुई। वारा निवासी 20 वर्षीय लोकेश मसराम अपने दोस्त बिरज टेकाम के साथ लांजी से अपने गांव वारी लौट रहा था। इसी दौरान उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में लोकेश मसराम और बिरज टेकाम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल लांजी के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने लोकेश मसराम को मृत घोषित कर दिया। बिरज टेकाम की गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गोंदिया स्थित अस्पताल ले गए। वहां उसका इलाज जारी है। लांजी पुलिस ने रविवार को परिजनों की उपस्थिति में शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच की जा रही है।

# वारासिवनी के प्रभारी नायब तहसीलदार तीरथ प्रसाद अक्षरिया खैरलॉजी तहसील के प्रभारी तहसीलदार नियुक्त

**वारासिवनी।** कलेक्टर बालाघाट मृणाल मीणा ने प्रशासनिक कार्य व्यवस्था के दृष्टिकोण से प्रभारी तहसीलदार, नायब तहसीलदारों व प्रभारी नायब तहसीलदारों की पदस्थापनाओं में फेरबदल किया है। जिसके अनुसार वारासिवनी तहसील में पदस्थ प्रभारी नायब तहसीलदार तीरथ प्रसाद अक्षरिया को तहसील खैरलॉजी का प्रभारी तहसीलदार बनाते हुए खैरलॉजी का संपूर्ण प्रभार सौपने के साथ ही आहरण संवितरण अधिकार भी दिए गए है। वहीं नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार खैरलॉजी छवि पंत को बालाघाट का अतिरिक्त तहसीलदार बनाया गया है, इसके साथ ही तहसील कटंगी के कार्यालय अधीक्षक भअभिलेख बालाघाट सुरेश कुमार उपाध्याय को प्रभारी नायब तहसीलदार तहसील वारासिवनी बनाया गया है।



# उकवा बस्ती में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज उकवा।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी उकवा बस्ती के स्थानीय सिद्ध पीठ एवं अत्यंत प्राचीन हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया।।मंदिर समिति के श्री तरूण रावल ने बताया श्री हनुमत जी महाराज का प्रातः से ही हिंदू वैदिक धर्मानुसार अभिषेक कर पूजन,, अर्चन एवं हवन किया गया।।जन्मोत्सव के अवसर पर श्री हनुमान जी महाराज का विधि विधान से सिंदूर का चोला अर्पण कर विशेष श्रृंगार कर आरती,, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।।सम्पूर्ण वातावरण भक्ति मय होकर हनुमान जी के जयकारों से गूंज उठा।।आरती के पश्चात समिति के भक्तों राजेश अग्रवाल, शिव कोहरे, संजय अग्रवाल, संजय गुप्ता,, राजेश उईके, संजय बोमपरे, ओमू चौकसे, संतोष बरपेटिया,, निस्सु ढकेता,आदित्य अग्रवाल,, तरूण रावल, श्रीमती हर्षा रावल,, ख़ुमेश बिसेन द्वारा लड्डू, चूरमा,,फल एवं अन्य महाप्रसादी अर्पण कर विशेष भोग लगाया गया।।रात्रि में साईं रामायण मंडल डॉ यशविन बोमपरे पार्टी द्वारा रामायण पाठ किया गया।। कीर्ति डेकोरेशन के मालिक राजेश उईके द्वारा मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान कर सजावट की गई। सभी सदस्यों द्वारा निष्वार्थ भाव से सहयोग प्रदान किया गया। भक्तों के पूजन का सिलसिला देर रात्रि तक चलता रहा। समिति के बाल सदस्यों निसार पांडे, विनीत पांडे, लोकेश बरपेटिया, मयंक बोमपरे, सौरभ, जतिन चिल्के, चीनू अग्रवाल , सिद्धांत धुर्वे, प्रेरित बिसेन,,माही बिसेन, लाची, किंजल, समर पाण्डेय, आयु वोमप्रे, पूरब कोड़ोपे, गबरू अग्रवाल,, नन्हा भक्त शिवा बम्परे एवं सभी सदस्यों द्वारा मंदिर सजावट एवं प्रसादी वितरण में अपना विशेष योगदान प्रदान किया।



## सांसद, विधायक और जिला पंचायत सदस्य ने रखी आधारशिला

# 50 बिस्तरों वाले अस्पताल की इमारत का हुआ भूमि पूजन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** आगामी 1 वर्ष में विकासखंड कटंगी के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। लंबे इंतजार और संघर्ष के बाद तहसील मुख्यालय कटंगी में 50 बेड का नया सरकारी अस्पताल आकार लेगा। 9.95 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह अस्पताल वर्तमान अस्पताल की इमारत के ठीक बगल में तैयार होने वाला है। शनिवार की शाम साढ़े 07 बजे बालाघाट- सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद भारती पारधी, विधायक गौरव सिंह पारधी, जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन ने तमाम जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में अस्पताल की नई इमारत के निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हुए नींव की खुदाई की। शाम 8 बजे अस्पताल परिसर में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अस्पताल के शुरू होने से कटंगी विकासखंड के 100 से अधिक गांवों की लगभग डेढ़ लाख से भी अधिक की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। फिलहाल गंभीर मरीजों को वारासिवनी, बालाघाट या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। नया अस्पताल शुरू होने के बाद यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।



अस्पताल के भूमिपूजन समारोह में जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन ने कहा कि कटंगी को 100 बिस्तरों वाला अस्पताल की जरूरत है। विधायक और सांसद के प्रयासों से भविष्य में शायद ऐसा संभव होगा। उन्होंने कहा कि मुझे अकसर सरकारी अस्पताल में सुविधाओं की कमी की शिकायतें मिलते रहती है। यहां विधायक ने सोनोग्राफी की मशीन प्रदान की थी लेकिन रेडियोलॉजिस्ट का पद रिक्त होने से मशीन का संचालन नहीं हो पा रहा है।

विधायक ने कहा कि केंद्र से लेकर राज्य सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करने के लिए सतत प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जैसे ही वह चुनाव जीतकर आए थे। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर सुधार की दिशा में कार्य करना शुरू कर दिया। चुनाव के पहले जनता से सोनोग्राफी मशीन का वादा किया गया था चुनाव जीतकर आने के बाद यह वादा पूरा किया गया। बालाघाट की सांसद और कटंगी का विधायक एक ही इंजन के साथी है तो निश्चित तौर पर कटंगी को इसका लाभ मिलेगा। विधायक ने कहा कि वह लगातार सदन में कटंगी को सिविल अस्पताल बनाने की मांग करते रहते है। 100 बिस्तर की मांग की गई थी अभी 50 का मिला है। अभी शुक्रवार और शनिवार को ही रेडियोलॉजिस्ट की सेवाएं मिल पा रही है। इस व्यवस्था में सुधार करने के लिए प्रयास किए जा रहे है। विधायक ने बताया कि नई इमारत के निर्माण में किस तरह की अड़चने आई और अब कैसे निर्माण पूर्ण होगा।

सांसद भारती पारधी ने विधायक गौरव पारधी की सक्रियता की प्रशंसा के साथ अपनी बातों की शुरुआत की और कहा कि कई बार सरकार में होने के बाद भी निर्माण कार्य स्वीकृत कराने में पैरों की चप्पल घिस जाती है लेकिन विधायक कोई काम ठान ले तो वह अपना काम समझ कर कार्य करते है। क्षेत्र की जनता ने गौरव सिंह पारधी के तौर पर एक बेहतर नेतृत्व चुना है। उन्होंने प्रधानमंत्री की भी प्रशंसा की और कहा कि आज भारत का नेतृत्व सुरक्षित हाथों में है। प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव चहूमुखी विकास कार्य कर रहे है। क्षेत्र में 100 बिस्तर वाले अस्पताल की मांग वर्षों से उठती रही है। विधायक के प्रयासों से 50 बिस्तर वाला अस्पताल मिल गया। वह इसे 100 बिस्तरों वाला अस्पताल में उन्नयन करवा लेगें।

# सोती रही खाकी, अंधेरे का फ़ायदा उठा कार से लगलग 30 तोला सोना

# 25 किलो चांदी सहित 2 लाख नगदी ले उड़े अज्ञात चोर मची खलबली

## नगर बरघाट के बस स्टेंड में सरेआम हुई चोरी की वारदात महाजन ज्वेलर्स के सामने फिल्मी अंदाज में वारदात कार से 25 किलो चांदी, 30 तोला सोना और 2 लाख की नगदी पार

**राकेश अगरवार। हरिभूमि बरघाट।** कहते हैं कि पुलिस चाह ले तो मंदिर से चप्पल भी चोरी नही हो सकती है परंतु यहां पर तो चोरों ने पुलिस को ही चकरघिनी बना दिया है, जिसने बरघाट सहित समूचे जिले की पुलिस को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है सरेआम चोरी की वारदात को अंजाम देकर बरघाट नगर के हृदय स्थल बस स्टैंड क्षेत्र में शनिवार बाजार की भीड़ का फायदा उठाकर सराफा व्यवसायी की कार से जेवरात से भरे दो बैग उड़ा ले जाने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। घटना रात लगभग 8 बजे की बताई जा रही है, सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवक वारदात को अंजाम देते हुए कैद हुए हैं, घटना के बाद पूरे नगर में हडक़ंप मच गया है।

अपनी दुकान बंद करते ही चोरों ने साधा निशाना पार किए जेवरात से भरे बैग जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 1 मूंडापार निवासी अंशुल बघेल पिता दिलीप बघेल की बस स्टैंड स्थित नवीन दुकान महाजन ज्वेलर्स को शनिवार रात लगभग 8:15 बजे बंद किया जा रहा था,दुकान में रखे सोना, चांदी और नगदी को दो अलग-अलग बैग में रखकर कार में रखा गया, बताया गया कि बैग को दुकान के वर्कर के हाथों कार में रखा गया, जबकि अंशुल बघेल दुकान का ताला लगाने वापस चले गए,इसी दौरान दो युवक, जो कुछ दूरी से गति विधियों पर नजर बनाए हुए थे,मौके की तलाश में थे सीसी टीवी में कैद पूरी वारदात फुटेज के अनुसार सफेद शर्ट पहने एक युवक कार के पास पहुंचा, दरवाजा खोला और दोनों बैग निकालकर सामान्य चाल से आगे बढ़ गया। कुछ दूरी पर उसका साथी पहले से बाइक (संभवतः पल्सर या अपाचे) लेकर तैयार खड़ा था। दोनों आरोपी बालाघाट की दिशा में फरार हो गए, जब अंशुल बघेल, उनके पिता और कर्मचारी गाड़ी के पास लौटे और सब्जी का थैला रखने लगे, तब बैग गायब मिले, आसपास पूछताछ करने पर किसी ने एक युवक को बैग लेकर जाते देखा होने की जानकारी दी, इसके बाद सीसी टीवी खंगाले गए, जिसमें पूरी घटना स्पष्ट दिखाई दी।



### कीमती जेवरात सहित करीब एक करोड़ की चोरी का अनुमान सदमे में व्यापारी

प्रार्थी के अनुसार बैग में लगभग 25 किलो चांदी, 30 तोला सोना तथा 1.20 से 3 लाख रुपये तक नगदी थी। प्रारंभिक आकलन के अनुसार चोरी गई संपत्ति की कीमत लगभग एक करोड़ रुपये के आस पास बताई जा रही है,बताया गया है कि संबंधित ज्वेलर्स की दुकान लगभग 7-8 माह पूर्व ही शुरू की गई थी, परिवार पूर्व में कृषि कार्य एवं चाय-पान व्यवसाय से भी जुड़ा रहा है।

### जिला पलिस प्रशासन अलर्ट, वरिष्ठ अधिकारी मौके पर अबतक नहीं लगा कोई सुराग

घटना की सूचना मिलते ही थाना बरघाट पुलिस सक्रिय हो गई, टीआई मोहिनेश बैश अपनी टीम के साथ आरोपियों की तलाश में जुट गए,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा एसडीओपी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया,आसपास के प्रतिष्ठानों एवं पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं,समाचार लिखे जाने तक देर रात तक आरोपियों का कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग पाया था, हालांकि पुलिस ने दावा किया है कि फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।



### चोरों की दहशत में व्यापारी जीना हुआ दुश्वार

नगर बरघाट के बस स्टैंड क्षेत्र में बढ़ती वारदातों से व्यापारी दहशत में नगर के व्यस्ततम बस स्टैंड क्षेत्र में शनिवार बाजार के दिन इस तरह की वारदात ने व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है, खुलेआम कार से बैग निकालकर फरार हो जाना सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्न खड़े कर रहा है,अब पूरे जिले की नजर पुलिस की कार्रवाई पर टिकी है क्या जल्द पकड़े जाएंगे आरोपी? क्या करोड़ों की इस चोरी का खुलासा हो पाएगा? आखिर कहां थे बिट प्रभारी पुलिस गस्त पर भी गंभीर सवाल खड़े किए जा रहे हैं ।

### निरंतर दो रातों का अंधेरा जीवनभर की कमाई लूटी असमंजस में पुलिस

शुक्रवार को प्रकृति ने अपना रोद्र रूप दिखाया जिसमे तीव्र तूफान से जन जीवन अस्त व्यस्त हो चुका था जिसके चलते लगातार दो दिन से बिजली पूरी तरह से समूचे ब्लाक बरघाट में बंद कर दी गई थी जिसका खामियाजा महाजन ज्वेलर्श से लाखो के जेवरात पर अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर पूरे सिस्टम की पोल खोल दी जिसमे एक व्यापारी किंजिंदगी भर की कमाई लूट गई क्या पुलिस इन शातिर चोरों की बखिया उधेड़ पाएगी या नही यह समझ के परे है।

## इधर, पुलिस मस्त, चोरी जबरदस्त, एफआईआर के बाद भी नहीं थम रहा चोरों का आतंक, जनता में आक्रोश



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला जनता नगर क्षेत्र का है, जहां सूने मकान में घुसकर चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। खास बात यह है कि पीड़ित परिवार ने पुलिस में एफआईआर दर्ज करा दी है, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 4 अप्रैल की रात की है, जब परिवार घर पर मौजूद नहीं था। देर रात लौटने पर घर का दरवाजा टूटा मिला और अंदर अलमारी के ताले भी टूटे हुए थे। जांच करने पर करीब 50 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवर, मंगलसूत्र, कंगन, पायल सहित लाखों का सामान गायब मिला। पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना देकर मामला दर्ज कराया।

एफआईआर में स्पष्ट रूप से चोरी की पूरी वारदात और चोरी हुए सामान का विवरण दर्ज है, साथ ही जांच अधिकारी भी नियुक्त किया गया है, लेकिन इसके बावजूद अब तक आरोपियों तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। इससे पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन रात की गश्त नदारद है। पुलिस की ढिलाई के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं और वे बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश है। रहवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाई जाए। चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा किया जाए, संदिग्ध व्यक्तियों पर सख्त नजर रखी जाए।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद पुलिस आखिर क्या कर रही है? क्या सिर्फ कागजी कार्रवाई तक ही सीमित रह जाएगी जांच, या फिर चोरों पर शिकंजा कसा जाएगा?

फिलहाल सिवनी में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों का भरोसा डगमगाता नजर आ रहा है और पुलिस मस्त है, चोरी जबरदस्त है की कहावत एक बार फिर सच साबित होती दिख रही है।

## खबर संक्षेप

### श्री राम मंदिर ट्रस्ट में हर रविवार होती है स्वच्छता सेवा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लखनादौन। श्री राम मंदिर ट्रस्ट में प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया जाता है। इस पहल का उद्देश्य मंदिर परिसर को स्वच्छ, कीटाणुरहित और स्वस्थ बनाए रखना है, साथ ही व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू-पोछा लगाना, सतहों की सफाई करना, मां नर्मदा अन्नपूर्णा रसोई के बर्तनों को अच्छी तरह धोना तथा कचरा हटाना जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए गए। ये छोटे-छोटे प्रयास मिलकर गंदगी को जमा होने से रोकते हैं और एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण करते हैं।

इस रविवार के स्वच्छता अभियान में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद तिवारी, सदस्य प्रकाश साहू, विजय यशवंत गोल्हानी, बुद्धि भैया एवं मुकेश यादव जी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर सेवा भाव से कार्य करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया।

मंदिर ट्रस्ट द्वारा यह पहल न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ी है, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश भी प्रसारित कर रही है।

### जाम खंड में सामाजिक सद्भाव बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के जाम में सामाजिक समन्वय, सहयोग और समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जाम खंड के 15 मंडलों के अंतर्गत आने वाले 152 ग्रामों के विभिन्न समाजों के प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति में जाम स्थित जय गुरुदेव सेलिब्रेशन लॉन में सामाजिक सद्भाव बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न ग्रामों से पधारे सामाजिक जनों के पारंपरिक स्वागत से हुई। अतिथियों का पानी दिखाकर, तिलक लगाकर एवं गमछा पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। बैठक के दौरान उपस्थित सामाजिक प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समाजों द्वारा किए जा रहे विशेष कार्यों और समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रकाश डाला। साथ ही विभिन्न समाजों के अच्छे सुझावों को अपनाकर उन्हें अपने समाज में लागू करने की बात भी कही गई। अंत में भारत माता के जयघोष के साथ बैठक का समापन किया गया।

### कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर

कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं जो इसी क्रम में चोरी की 01 घटना का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया हैं। उक्त घटना को अंजाम देने करने वाले अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई एवं घटना स्थल बालस्वरूप हनुमान मंदिर के आसपास संदिग्ध के संबंध में आसपास के व्यक्तियों से पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रार्थी का पीछा करने वाले एक संदिग्ध की पहचान इस्लाम खान पिता असलम खान निवासी टिग्गा मोहल्ला सिवनी के रूप में हुई जिसकी तलाश की जाकर पूछताछ की गई जिसने पूछताछ पर प्रार्थी के जेब से पैसे निकालने की बात स्वीकार की तथा कुछ पैसे खर्च कर लेना तथा 7250 रुपये पास में होना बताने पर रुपयों की विधिवत जप्ती एवं गिरफ्तारी की जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी इस्लाम खान के विरूध्द पूर्व में भी थाना कोतवाली अपराध क्रमांक 66/2021 धारा 25 आम्र्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द है। जप्ती 7250 रुपये नकदी एवं 01 पर्स।

### अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार,एक की मौत,एक घायल

**सिवनी** जिले के छपारा थाना क्षेत्र में अंजनिया ग्राम के पास शनिवार 4 अप्रैल की दोपहर लगभग 2 बजे एक सडक़ हादसा हुआ है। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवकों में से एक की मौके पर मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब दोनों युवक मोटरसाइकिल से अकल्मा से छपारा की ओर जा रहे थे। पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार हीरालाल परते (40 वर्ष) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। उनके साथ बाइक पर सवार संजय मर्सकोले (36 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस को बुलाया। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल संजय मर्सकोले को छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि घायल की हालत गंभीर बनी हुई है।सीसीटीव्ही खंगालेगी पुलिस स्थानीय लोगों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। छपारा थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार ने बताया कि सडक़ दुर्घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में एक व्यक्ति की मृत्यु और एक के घायल होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है।

## रेल प्रबंधक ने किया इतवारी-छिंदवाड़ा-सिवनी-नैनपुर-गढ़ा रेलखंड एवं स्टेशनों का सघन निरीक्षण, यात्री संरक्षा, सुरक्षा, सुविधाओं एवं विकास कार्यों का लिया जायजा


**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने आज दिनांक 04 अप्रैल 2026 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-छिंदवाड़ा-सिवनी-नैनपुर एवं गढ़ा रेलखंड का व्यापक विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से संरक्षा निरीक्षण किया। सुबह 06.30 बजे इतवारी स्टेशन से विशेष निरीक्षण यान द्वारा शुरू हुआ यह दौरा रेल परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ आधारभूत संरचना के आधुनिकीकरण पर केंद्रित रहा। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने विशेष रूप से विंडो ट्रेलिंग के जरिए रेल पटरियों की स्थिति, पॉइंट्स, क्रॉसिंग्स और सिग्नलों की दृश्यता का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने ट्रेन की गति के दौरान राइडिंग क्वालिटी को मापा, ताकि यात्रियों को एक सुरक्षित और आरामदायक सफर सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान रेलखंड के प्रमुख स्टेशनों छिंदवाड़ा, सावनेर, सिवनी, घंसौर, शिकारा, नैनपुर एवं गढ़ा इत्यादि पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों की भी गहन समीक्षा की गई। मंडल रेल प्रबंधक ने निर्माणाधीन नए प्लेटफॉर्म्स, उन्नत वेटिंग हॉल्स, मॉल लदान शेड जैसे विकास कार्यों की प्रगति को देखा और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता से समझौता किए बिना इन्हें निर्धारित समय



सीमा के भीतर पूरा किया जाए। यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता, साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी और बैठने की व्यवस्था का व्यक्तिगत रूप से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए स्टेशनों पर वाटर कूलर्स सुचारू रूप से कार्य करें और कोच इंडिकेटर बोड्र्स व उद्घोषणा प्रणाली यात्रियों को सटीक जानकारी प्रदान करें। इसके साथ ही, विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए ओएचई की कार्यक्षमता को परखा गया ताकि तकनीकी कारणों से ट्रेनों के परिचालन में कोई बाधा न आए इसके अलावा स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा गश्त बढ़ाने तथा अनाधिकृत प्रवेश रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण दौरे में मंडल के सभी प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे, जिनमें मुख्य परियोजना गति शक्ति यूनिट, चिकित्सा, सिग्नल एवं दूरसंचार , मैकेनिकल, परिचालन, वाणिज्य, विद्युत, संरक्षा, कार्मिक और मंडल सुरक्षा आयुक्त सहित अन्य विभागों से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित रहीं। साथ ही उनके द्वारा जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर उनके सुझाव प्राप्त किए।

मंडल रेल प्रबंधक ने विभिन्न स्टेशनों पर तैनात फील्ड स्टाफ जैसे गेटमैन, पॉइंट्समैन और स्टेशन मास्टरों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली की सराहना की और उन्हें संरक्षा के प्रति सदैव सजग रहने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलवे का मुख्य लक्ष्य सुरक्षा के साथ समयबद्धता सुनिश्चित करना है, ताकि इस रेल खंड पर यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव प्राप्त हो सके।

### इधर, दीपक कुमार गुप्ता डीआरएम की स्पेशल ट्रेन रोककर रेल से सम्बन्धित विकास पर चर्चा कर पत्र सौपा



केवलारी। दीपक कुमार गुप्ता डिविजनल रेल्वे मेनेजर दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे नागपुर का दिनांक 4 अप्रैल को छिंदवाड़ा नैनपुर सेक्शन का विशेष प्रयोजन के लिये दौरा का कार्यक्रम स्पेशल ट्रेन से था । मिली सूचना के आधार पर रमाशंकर महोबिया ब्लॉक अध्यक्ष ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति एवं पवन यादव अधिवक्ता दोनों ने रेल्वे स्टेशन पहूंचकर डीआरएम से दूरभाष पर चर्चा कर ट्रेन को केवलारी- मे रोकने का आग्रह करने पर केवलारी- मे स्टॉप कर विभिन्न बिषयो पर चर्चा कर पत्र भी सौपा गया ।जिसमे निर्माणाधीन रैक पाइंट के डेड एंड को समाप्त कर मेन अप लाइन से कनेक्शन दिये जाने, बर्ष 2013के पूर्व रेल्वे के द्वारा अधिग्रहण भूमि से प्रभावित किसानो के एक परिवार को नोकरी में रखे जाने के लिये शेष रह गये पीड़ति किसान के सदस्यों को नोकरी दिये जाने, केवलारी-रेल्वे स्टेशन का प्लेटफार्म को स्टेंडर्ड साइज का वनाये जाने, पेंचव्हली एक्सप्रेस ट्रेन को पलारी में स्टाप दिये जाने, केवलारी- अंडर ब्रिज के किनारे से बिनैकी मार्ग तक की लगभग 500 मीटर रोड रेल्वे की है जिसका पुनः निर्माण कार्य कराया जाये ।बिलासपुर से उज्जैन तक नयी ट्रेन कटनी जबलपुर नैनपुर सिवनी छिंदवाड़ा आमला इटारसी भोपाल वाया उज्जैन हो।दीपक कुमार गुप्ता डीआरएम को दिये गये पत्र ओर चर्चा उपरांत संतोषजनक प्रतिउत्तर देते हुए संवेदनशील अधिकारी का परिचय दिया जिसकी नगर बासियो ने भूरि भूरि प्रशंसा की है।

## दया धर्म का मूल है:ग्रीष्म ऋतु में प्यासे घूमते पशुओं के प्रति करूणा के भाव रखते हुए पानी के टांके रखे



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सदैव सामाजिक सेवा कार्यों में अग्रणीय दया धर्म का मूल है के सूत्र को अपने हृदय आचरण में आत्मसात कर उपनगरीय भैरोगंज सिवनी के निवासी शंकर मखीजा द्वारा इन गर्मी के दिनों नगर के विभिन्न स्थलों में घूमते मूक पशुओं की प्यास बुझाने के पवित्र उद्देश्य से अनेक सार्वजनिक स्थलों में सीमेंट के पक्के टांके रखे जाकर उन स्थान के निवासियों से बड़ा ही मार्मिक अनुरोध किया जा रहा है कि आप प्रतिदिन कम से कम एक दो बाल्टी पानी इन टांकों में गाय, बैल, भैंस,बकरी, कुत्ते आदि मूक प्राणियों की प्यास बुझाने के दया के भावों से भरे,ताकि वे उस भरे पानी से अपनी प्यास बुझा ले।उनके द्वारा विगत वर्षों में भी मूक प्राणियों के लिये निरंतर सेवा कार्य किये गए। शनिवार को उनके द्वारा शुक्रवारी,बड़े जैन मंदिर क्षेत्र,बरघाट मार्ग, पुराने सूर्य मंदिर क्षेत्र, रघुनाथ नगर , मठ मंदिर क्षेत्र ,पृथ्वी राज चौहान वार्ड,महामाया वार्ड कॉलेज रोड, लडैया मोहल्ला,अंबेडकर वार्ड आदि अनेक स्थानों चौक चौराहों में जाकर स्वयं के व्यय से टांके रखवाए गए उनके द्वारा किये गए इस पुनीत कार्य में लखनवाड़ा सोसायटी के प्रबंधक श्री रामकुमार बघेल के द्वारा आर्थिक सहयोग किया गया। नगर वासियों ने उनके द्वारा जीव रक्षा एवं दया के भावों से किये जा रहे उत्कृष्ट पुरुषार्थ को अनुकरणीय ,प्रशंसनीय एवं सराहनीय बताकर साधुवाद प्रेषित किया है।

## राजा हिरदेशाह के शौर्य दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने पूर्व मंत्री पहुंचे केवलारी

**हरिभूमि न्यूज केवलारी।**

दिनांक 28 अप्रैल को जम्बुरी मैदान मे लोधी समाज के राजा हिरदेशाह के शौर्य दिवस कार्यक्रम को सफल करने के उद्देश्य से जालम सिंह पटेल पूर्व मंत्री, बिसराम सिंह पटेल जिलाध्यक्ष मिशन न्यू इंडिया उपाध्यक्ष जिला लोधी समाज सिवनी चौरई भाजपा के पूर्व प्रत्याशी लखन कुमार वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सरवजीत ठाकुर,सतीश दुबे ,गोविंद सिंह लोधी जिला अध्यक्ष ,मुकेश ठार्कु लोधी समाज प्रदेश संगठन सचिव तानसिंह पटेल भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष नगपुरे ने केवलारी-मे पहूंचकर चांदनी चौक मे स्थापित रानी अवंति बाई लोधी की प्रतिमा मे माल्यार्पण कर पूजन किया ।भारतीय ज्ञान पीठ



स्कुल में आयोजित बैठक मे राजा हिरदेशाह के शौर्य दिवस कार्यक्रम को सफल बनाये जाने को लेकर सजातीय लोगों से चर्चा कर रुपरेखा तैयार की गयी ।

### खुशी मुंजारे को किया सम्मानित

सुधीर मुंजारे की पुत्री खुशी मुंजारे ने पेंच नेशनल पार्क मे नेशनल मैराथन में 5 किलोमीटर की दोड़ मे द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर समाज ओर क्षैत्र को गौरवान्वित किया ।जालमसिंह पटेल ने खुशी मुंजारे को मेडल ओर सहयोग राशि देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर सामाजिक जन एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बम्होडी गौशाला बनी 'मौत का बाड़ा': बदहाली की भेंट चढ़ रही गौमाता, सरपंच मनसुख लाल इरपाची का शर्मनाक बयान गलती हो जाती है

**हरिभूमि न्यूज छब्बा लाल कमलेशिया लखनादौन। जनपद पंचायत लखनादौन के आने वाले ग्राम पंचायत बम्होडी आस्था और सियासत के केंद्र में रहने वाली गौमाता आज ग्राम पंचायत बम्होडी की गौशाला में अपने अस्तित्व की लड़ाई हार रही हैं। जिस स्थान को गायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए बनाया गया था, वह आज उनकी 'कब्रगाह' में तब्दील हो चुका है। अव्यवस्थाओं के चलते यहाँ आए दिन बेजुबान गौवंश अकारण काल के गाल में समा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं।**



### संचालक समिति की बेरुखी, नेताओं की चुप्पी

हैरानी की बात यह है कि गौशाला की देखरेख के लिए जिम्मेदार संचालक समिति को इन मौतों की भनक तक नहीं है। एक तरफ बड़े-बड़े मंचों से 'गौमाता को राष्ट्रमाता' का दर्जा देने की मांग करने वाले राजनेता इस वीभत्स स्थिति पर मौन साधे बैठे हैं। क्या इन नेताओं की संवेदनाएं केवल चुनावों तक सीमित हैं? बम्होडी की इस बड़ी घटना का संज्ञान न लेना उनकी कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। सरपंच का संवेदनहीन बयानः गलती हो जाती है जब इस बदहाली और गौवंश की मौतों को लेकर ग्राम पंचायत सरपंच से सवाल किया गया, तो उनका जवाब बेहद गैर-जिम्मेदाराना और शर्मनाक रहा। उन्होंने अत्यंत हल्के लहजे में कहा कि गलती हो जाती है। क्या मासूम गायों की जान लेना सिर्फ एक 'गलती' है? क्या प्रशासनिक पदों पर बैठे लोगों के लिए इन बेजुबानों के प्राणों की कोई कीमत नहीं है? यह बयान न केवल उनकी अक्षमता को दर्शाता है, बल्कि मृत गौवंश का अपमान भी है।

मुख्य सवाल जो जवाब मांगते हैं: प्रशासनिक अनदेखीः गौशाला के बजट और संसाधनों का उपयोग कहाँ हो रहा है? चिकित्सा अभावः क्या बीमार गायों को समय पर उपचार और चारा-पानी मिल रहा है? जवाबदेहीः आखिर इन अकारण मौतों का असली जिम्मेदार कौन है और उन पर कठोर कार्रवाई कब होगी? बम्होडी की गौशाला से आ रही ये तस्वीरें मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। प्रशासन को चाहिए कि तत्काल हस्तक्षेप कर दोषी सरपंच और समिति पर कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई करे, ताकि 'सेवा' के नाम पर 'क्रूरता' का यह खेल बंद हो सके।

## 21 किलो से अधिक गांजा जब्त - तीन गिरफ्तार!

# अंतरराज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट की रामपायली पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 5 लाख रुपए कीमत का 21 किलो गांजा बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों ने कुबूल किया है कि वे ओडिशा के एक गिरोह से जुड़े हैं, जो मध्य प्रदेश और गुजरात समेत कई राज्यों में नशीले पदार्थों की सप्लाई करता है।

यह कामयाबी रामपायली पुलिस को 5 अप्रैल को वाहन चेकिंग के दौरान मिली। दिनी-लिंगमारा रोड पर एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्धों को जब रोका गया, तो तलाशी में उनके पास से भारी मात्रा में गांजा मिला। पुलिस ने तुरंत गांजा और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया।

पकड़े गए आरोपियों में दो ओडिशा के रहने वाले हैं और एक स्थानीय व्यक्ति है।

मिकेन्द्र उर्फ मुकेश देव (28 वर्ष), निवासी ओडिशा, दिलीप सुना (32 वर्ष), निवासी ओडिशा, मुन्ना बर्वे (54 वर्ष), निवासी भटेरा, बालाघाट।

एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि यह कार्रवाई नशे के कारोबार पर एक बड़ा प्रहार है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। रविवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पुलिस ने पूछताछ के लिए उन्हें 13 अप्रैल तक रिमांड पर लिया है।

पुलिस अब तस्करों से यह जानने की कोशिश कर रही है कि वे ओडिशा में किससे गांजा खरीदते थे और आगे किन-किन लोगों को बेचते थे। इस गिरोह के बाकी सदस्यों की भी तलाश की जा रही है ताकि नशे के इस पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जा सके।

# कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन काम रविवार, 5 अप्रैल को पूरा हो गया। यह प्रक्रिया 22 फरवरी से शुरू हुई थी, जिसे 43 दिनों में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

मूल्यांकन कार्य में कुल 677 शिक्षकों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने छुट्टी के दिनों में भी काम करते हुए 1 लाख 92 हजार 448 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की। पूरी प्रक्रिया शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित की गई।

मूल्यांकन के दौरान कई उत्तरपुस्तिकाओं में छात्रों ने अपनी व्यक्तिगत समस्याएं भी लिखीं। कुछ ने माता-पिता के निधन का जिक्र किया, तो कुछ ने बीमारी और आर्थिक तंगी की बात बताते हुए पास करने की गुहार लगाई।

मूल्यांकन केंद्र प्रभारी शरद ज्योतिषी के अनुसार, कक्षा 10वीं के 11 विषयों की 1,13,400 कॉपियों की जांच 366 शिक्षकों ने चार चरणों में की। वहीं कक्षा 12वीं के 26 विषयों की 77,048 कॉपियों का मूल्यांकन 311 शिक्षकों द्वारा किया गया।

कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर मूल्यांकन केंद्र प्रभारी शरद ज्योतिषी, सहायक कौशलेन्द्र थोटे और उमाशंकर पटले ने पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से पूरा कराया। 10 कंप्यूटर ऑपरेटरों की मदद से विषयवार अंक ऑनलाइन बोर्ड की वेबसाइट पर भी अपलोड किए गए।

मूल्यांकनकर्ताओं को शासन द्वारा तय मानदेय दिया गया। कक्षा 10वीं की प्रत्येक कॉपी के लिए 15 रुपए और 12वीं की हर कॉपी के लिए 16 रुपये दिए गए। इसके अलावा स्थानीय शिक्षकों को प्रतिदिन 130 रुपए वाहन भत्ता और बाहर से आए शिक्षकों को 180 रुपए दैनिक भत्ता दिया गया।

समय सीमा के भीतर मूल्यांकन कार्य पूरा होने से अब छात्रों के परिणाम घोषित होने का रास्ता साफ हो गया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 32 गांवों की माटी-जल से हुआ भूमि सुपोषण कार्यक्रम

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड वारासिवनी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत जल संरक्षण को लेकर एक सराहनीय पहल की गई। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी में संगोष्ठी एवं भूमि सुपोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत वारासिवनी क्षेत्र के 32 गांवों से पवित्र माटी एवं जल एकत्रित कर विधिवत माटी पूजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण, सामूहिक सहभागिता, स्वालंबन एवं स्वैच्छिकता के भाव से जन-जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## जल सेवा समागम के तहत निबंध लेखन व रैली आयोजित

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत विकासखंड बैहर में जल संरक्षण को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर में अध्ययनरत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्रों द्वारा जल सेवा समागम द्वितीय चरण के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार एवं जल संचयन के प्रति जन-जागरूकता फैलाना रहा। परामर्शदाताओं के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित जल संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शिवनाथ यादव ने कहा कि जल संकट से निपटने का एकमात्र उपाय जल का सही प्रबंधन और संवर्धन है। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संचयन की तकनीकों को अपनाने की अपील की।

# आज प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह बालाघाट दौरे पर, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह 6 अप्रैल को जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जल संरक्षण, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिंह प्रातः 10:30 बजे बंजर टोला से मलाजखंड के लिए प्रस्थान करेंगे तथा प्रातः 10:50 बजे मलाजखंड पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बेल तालाब के जीर्णोद्धार कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इसके पश्चात वे प्रातः 11:30 बजे मलाजखंड से बालाघाट के लिए रवाना होंगे और दोपहर 1:00 बजे बालाघाट स्थित अटल उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

दोपहर 2:00 बजे प्रभारी मंत्री श्री सिंह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके बाद अपराह्न 4:00 बजे वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट के मैदान में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिंह अपराह्न 4:30 बजे बालाघाट से गोंदिया के लिए प्रस्थान करेंगे तथा शाम 6:10 बजे गोंदिया से राजधानी एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए रवाना होंगे। प्रभारी मंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## मेगा डीएसएन कोर्स सफलतापूर्वक संपन्न



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा बालाघाट में आयोजित मेगा डीएसएन (दिव्य समाज निर्माण)कोर्स स्थानीय हरिमंगलम लॉन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डीएसएन प्रोग्राम के माध्यम से प्रतिभागियों में आत्मविश्वास की मजबूती, नेतृत्व क्षमता का विकास तथा जीवन के हर क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करने की प्रेरणा जागृत हुई। कार्यक्रम का मूल भाव यही रहा कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर अपार शक्ति और संभावनाएं निहित हैं, जिन्हें जागृत कर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। "भीतर के शिवाजी को जगाने" की विशेष तकनीकों के माध्यम से प्रतिभागियों में साहस, संकल्प और नेतृत्व का भाव विकसित किया गया।

इस कोर्स के दौरान प्रतिभागियों ने अनुभव किया कि डीएसएन उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास में अत्यंत प्रभावी है। संवाद कौशल में निखार आता है, जिससे व्यक्ति अपनी बात को स्पष्ट और प्रभावी ढंग से रख पाता है। सेवा के माध्यम से सामाजिक जागरूकता बढ़ती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा मिलती है। योग, प्राणायाम एवं ज्ञान के अभ्यास से शरीर स्वस्थ और मन मजबूत बनता है।

डीएसएन प्रोग्राम व्यक्ति के भीतर नेतृत्व क्षमता को जागृत करता है, जिससे वह न केवल स्वयं के जीवन में बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में भी प्रभावी भूमिका निभाने के लिए तैयार होता है। प्रतिभागियों ने साझा किया कि उनके भीतर आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और वे अब अधिक साहस के साथ चुनौतियों का सामना कर पा रहे हैं।

इस कोर्स के माध्यम से निर्णय लेने की क्षमता (Decision Making Power) भी सशक्त होती है, जिससे व्यक्ति जीवन के महत्वपूर्ण फैसले स्पष्टता और दृढ़ता के साथ ले पाता है। साथ ही कमिटमेंट पावर (प्रतिबद्धता) में वृद्धि होती है, जिससे व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर उसे पूर्ण करने की क्षमता विकसित करता है।

कार्यक्रम में यह भी अनुभव किया गया कि जीवन में जो भय, संकोच और पुरानी नकारात्मक आदतें व्यक्ति को आगे बढ़ने से रोकती हैं, उनसे बाहर निकलने में डीएसएन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह कोर्स व्यक्ति को अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर नई ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा देता है।

इस मेगा डीएसएन कोर्स का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक (International Faculty) आनंद राजेंद्रन जी के सान्निध्य में हुआ। वे विशेष रूप से डीएसएन और अन्य उन्नत कोर्सेस के लिए जाने जाते हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर किरनापुर में स्वयं सेवक संघ की सामाजिक सद्भावना बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की सामाजिक समरसता पर केंद्रित एक बैठक सरस्वती विद्या मंदिर किरनापुर में आयोजित की गई। यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में किया ।

संघ अपने शताब्दी वर्ष में सामाजिक समरसता पर विशेष जोर दे रहा है। इसका उद्देश्य समाज में व्याप्त विभाजन को समाप्त करना और सामाजिक सद्भाव के लिए संवाद स्थापित करना है। इसी कड़ी में तहसील किरना पुर और खंड स्तर पर ऐसी बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयं सेवा संघ आरएसएस द्वारा विभिन्न स्थानों पर सामाजिक समर सत्ता और एकजुटता बढ़ाने के उद्देश्य से सामाजिक सद्भावना बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रमुखों के साथ आए सरपंच भी मिलकर छुआछूत, जातिवाद मिटाने, आपसी भाईचारा बढ़ाने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर चर्चा की गई ।बैठक के प्रमुख उद्देश्यों पर चर्चा की गई ,जिसमें सामाजिक समरसता कुछ जगह पर जैसे गांव में व्याप्त ऊच नीच के भेदभाव को समाप्त करने पर जोर दिया गया, वहीं एकता और संवाद पर भी बैठकों का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न समूह के बीच संवाद स्थापित करना और एकता को मजबूत करने पर जोर दिया गया। समाजों में विभिन्न कुरीतियों के उन्मूलन पर सामाजिक बुराइयों पर जैसे मृत्यु भोज और अन्य कुरीतियों को समाप्त करने पर चर्चा की गई राष्ट्रहित में भी इसका उद्देश्य समाज को संगठित कर राष्ट्र को सफल बनाने पर जोर दिया गया किसका मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर भाईचारे का संदेश देने और संकल्प दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला संघचालक श्री वैभव कश्यप जी ने संगठन समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर समरसता का संदेश दे रहे हैं! सद्भावना संघ के प्रमुख सुरज कटरे जी ने भी बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर रणजीत सिंह चौहान, ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इसमें बैठक में उपस्थित डॉक्टर लोमेशजी तुरकर एकल संघ प्रमुख, एन आर गर्दे समाजिक कार्यकर्ता, राजेश राहंगडाले कार्यकर्ता, कुंडारिया जी संघ कार्य कर्ता सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# किरनापुर में अवैध रेत खनन पर कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 5 अप्रैल 2026 को खनिज विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने किरनापुर तहसील क्षेत्र में आकस्मिक जांच कार्रवाई की।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल एवं शुभम बोपचे के साथ थाना किरनापुर पुलिस बल द्वारा दोपहर के समय ग्राम हिर्री एवं मुंडेसरा स्थित सोन नदी एवं बाघ नदी क्षेत्र में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिन्हें तत्काल जब्त कर थाना किरनापुर की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है।

कार्रवाई के दौरान ग्राम हिर्री स्थित सोन नदी में बिना नंबर का ट्रैक्टर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाया गया। वाहन चालक आशीष बिरनवार, निवासी ग्राम हिर्री तहसील किरनापुर है।

ग्राम मुंडेसरा स्थित बाघ नदी में ट्रैक्टर क्रमांक MP-50-ZB-4552 को अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन चालक शुभम यादव, निवासी वार्ड नंबर 1 किरनापुर है।

दोनों मामलों में संबंधित ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। खनिज विभाग के अनुसार, उक्त प्रकरणों में मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

## पुलिस ने बैंक से मंगवाया स्टेटमेंट, जांच के बाद सामने आएगी हकीकत

# ब्लैकमनी तो नहीं हो रही व्हाईट...!

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शहर के सिवनी रोड़ निवासी श्रीराम सेना से जुड़े पूर्व कार्यकर्ता आयुष नेवारे के साथ घर में घूसकर मारपीट के बाद सामने आई कथित अवैध आर्थिक गतिविधियों की जांच अब आगे बढ़ रही है। इस पूरे मामले की जांच के लिए कटंगी पुलिस ने शनिवार 04 अप्रैल को नगर में संचालित एचडीएफसी बैंक के संचालक से पत्र व्यवहार करते हुए आयुष नेवारे के उस बैंक खाते का विवरण मांगा है। जिसका संचालन श्रीराम सेना का नगर मंत्री सागर पंजवानी बिना आयुष की जानकारी के ही संचालित कर रहा था। संभवत सोमवार को बैंक, पुलिस से खाते का विवरण साझा कर सकती है। दरअसल, गत दिवस 29 मार्च की रात्रि श्रीराम सेना संगठन के नगर अध्यक्ष विकास सूर्यवंशी, नगर मंत्री सागर पंजवानी, विशाल सूर्यवंशी, संतोष खटवानी, ओम प्रकाश नेवारे, योगेश राहंगडाले, कृष्णा हांडे और गणेश बर्वे ने आयुष नेवारे के साथ एचडीएफसी बैंक का अकाउंट बंद कराने की बात को लेकर मारपीट की थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट के मामले में 4 लोगों के खिलाफ नामजद अपराध पंजीबृद्ध कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296 (ए), 115 (2), 351 (3), 3 (5) की कार्रवाई की है। असंज्ञेय अपराध होने की वजह से आरोपियों को तत्काल जमानत भी मिल गई।

**अकाउंट बंद होने के बाद हुआ विवाद:** मारपीट की घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई पर अंसतोष जाहिर करते हुए पीड़ित आयुष नेवारे ने अपने परिजनों के साथ 31 मार्च को एसडीओपी से मुलाकात की और एक शिकायती ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग रखी। आयुष ने अपने ज्ञापन में बताया कि विकास सूर्यवंशी और सागर पंजवानी ने श्रीराम सेना के करीब दर्जन भर कार्यकर्ताओं के बैंक में खाते खुलवाएं है जिनका संचालन बिना उनकी जानकारी के सागर के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें अवैध आर्थिक गतिविधियां हो रही है। आयुष के मुताबिक जब उसे इस बात की जानकारी मिली तो उसके द्वारा बैंक पहुंचकर अपना अकाउंट बंद करवाया। इसी से गुस्सा होकर उसके साथ मारपीट की वारदात की गई।




**निखिल तेजवानी ने जमा करवाई 04 लाख की राशि:** आयुष नेवारे के मुताबिक विकास सूर्यवंशी और सागर पंजवानी ने श्रीराम सेना संगठन से जुड़े कुछ युवकों को अखाड़े के निर्माण के लिए बाहर से बड़ी रकम आने की जानकारी देते हुए एचडीएफसी सहित अन्य एक बैंक में खाते खुलवाएं। खाते खुलने के बाद सागर ही अपने पास बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और नेट बैंकिंग रख लेता था। यहां तक की खातों में दर्ज मोबाइल नंबर भी सागर के पास ही होते थे। जिसके जरिए अवैध आर्थिक गतिविधि संचालित होने का प्रारंभिक अनुमान है। हमारे पास मौजूद आयुष के बैंक स्टेटमेंट के अनुसार किसी निखिल तेजवानी ने आयुष के खाते में 04 लाख रुपए की मोटी रकम जमा करवाई जबकि आयुष निखिल तेजवानी नाम के किसी व्यक्ति को नहीं जानता। आयुष के नाम पर संचालित हो रहे बैंक अकाउंट से शहर के कई लोगों के खातों में भी पैसा ट्रांसफर हुआ है।

**पीड़ित पर बनाया जा रहा दबाव:** इस मामले को दबाने के लिए लगातार पीड़ित को आर्थिक प्रलोभन दिया जा रहा है। इसके अलावा दबाव भी बनाया जा रहा है। इधर, आयुष के अलावा भावेश ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। भावेश का भी आरोप है कि उसके साथ भी गत दिनों खिड़कीघाट में मारपीट की गई। मारपीट की वारदात भी श्रीराम सेना के पदाधिकारियों के इशारे पर की गई। गोवारी समाज के युवाओं के साथ हुई मारपीट के मामले को लेकर गत दिवस जिलाध्यक्ष कन्हैया राउत और महेश सहारे ने थाना प्रभारी से मुलाकात कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी ने समाज के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच की जा रही है। जो भी तथ्य निकलकर सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई होगी।

संगठित गिरोह होने की आशंका

इस मामले के सामने आने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह ब्लैक मनी को व्हाइट करने के लिए बनाया गया एक संगठित गिरोह है जिसमे भोले-भाले और आसानी से बहकावे में आने वाले युवाओं और युवतियों को अपने साझे में फंसाया जाता है और फिर उनके बैंक अकाउंट के जरिए पैसों को ब्लैक से व्हाइट किया जाता है। खैर, पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। जल्द ही इस पूरे मामले में नया खुलासा होगा। एसडीओपी पूरी जांच पर नजर बनाए हुए है।

## शास. बालक उमावि हट्टा में गंगा जल संवर्धन के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हट्टा के एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) ,इको क्लब एवं रेड क्रॉस के छात्र-छात्राओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 04 अप्रेल दिन शनिवार को रैली निकालकर नारे एवं श्लोगन के द्वारा ग्रामीण नागरिकों को गंगा जल संवर्धन एवं स्वच्छता का संदेश दिया ।तत्पश्चात रैली जब बावड़ी स्थल पर पहुंची तब स्थानीय गाइड द्वारा हट्टा की बावड़ी का के इतिहास संबंधित जानकारी देकर अवगत कराया गया छात्र-छात्राओं द्वारा बावड़ी का परिभ्रमण करने के पश्चात बावड़ी परिसर में साफ सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया तत्पश्चात रैली वापस विद्यालय पहुंचने पर एको क्लब के कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में संस्था के प्राचार्य श्रीमती रेखा वानखेड़े एवं इको क्लब प्रभारी श्री गणेश मनेश्वर (उ.मा. शि.) द्वारा नवनिर्मित औषधीय वाटिका (मेडिसिनल गार्डन ) में लगाए गए औषधीय पौधों की जानकारी दी।

**कार्यालय जनपद पंचायत कटंगी जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक/1122/लेखा/2026 — **ई- निविदा सूचना** — कटंगी, दिनांक 01/04/2026

कार्यालय जनपद पंचायत कटंगी, जिला बालाघाट (म.प्र.) के जनपद पंचायत कार्यालय भवन कटंगी (पुराना विकास खण्ड कार्यालय भवन कटंगी) एवं जनपद पंचायत कार्यालय भवन कटंगी को यथा स्थिति में डिस्मेन्टल (ध्वस्तीकरण) किये जाने हेतु निर्धारित शर्तो के तहत WWW.mptenders.gov.in ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | निविदा कमांक | भवन का नाम | पूंजीगत लागत | निविदा शुल्क | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_DoPR_496438_1 | जनपद पंचायत कार्यालय भवन कटंगी | 1861729/- | 2000/- | 93086/- |
| 2 | 2026_DoPR_496439_1 | जनपद पंचायत कार्यालय भवन कटंगी (पुराना विकास खण्ड कार्यालय भवन कटंगी) | 308083/- | 2000/- | 15404/- |

1- प्रत्येक निविदाकार शासन द्वारा जारी केन्द्रीय पंजीकृत प्रणाली के पोर्टल की बेवसाईट https.//WWW.mptenders.gov.in में पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिस नाम से आई.डी. होगी उसी नाम से निविदा प्रस्तुत किया जावेगा । 2- निविदा प्रपत्र की खरीदी अनलाईन बेवसाईट https.//WWW.mptenders.gov.in में आंनलाईन पेमेन्ट एवं पोर्टल सर्विस चार्ज के साथ खरीदे जा सकते है । 3- निविदा दिनांक 15/04/2026 समय दोपहर 12:00 बजे तक पोर्टल पर उपलब्ध होगी । 4- निविदा अनलाईन जमा करने की दिनांक 02/04/2026 समय सायं. 6:00 बजे से दिनांक 15/04/2026 दोपहर 12:00 बजे तक है। 5- निविदा फार्म खोलने की दिनांक 16/04/2026 दोपहर 3:00 बजे से है । 6- निविदा में संशोधन केवल बेवसाईट पर देख सकते है, अखबारो में इसका कोई प्रकाशन नही किया जायेगा । 7- उपर्युक्त भवनो का अवलोकन कार्यालय समय पर लेखा शाखा में संपर्क कर किया जा सकता है। नोट:- यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिये जनपद पंचायत कटंगी (बालाघाट) में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर देखी जा सकती है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत कटंगी**